डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 210 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 16 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333





## सड़क हादसे में युवक की मौत, आक्रोशित लोगो ने किया चक्काजाम

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार शाम नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नापाखेड़ा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई थी। गुरुवार को आक्रोशित लोगों ने बूढ़ा में चक्काजाम क्कर दिया। इस दौरान आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम नापाखेड़ा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बूढ़ा निवासी बलवंत पिता शंभूलाल मेघवाल को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार को शव का पीएम कराया गया। इधर युवक की मौत से आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।



## कलेक्टर पहुंचे कृषि उपज मंडी

### गंदगी देख मंडी सचिव को लगाई फटकार, सफाई के दिए निर्देश

**नीमच, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने पुरानी कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सियाचिस्ट नीलामी क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसानों से मंडी की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान किसानों ने तीन प्रमुख समस्याएं बताईं। इनमें पेयजल की कमी, साफ-सफाई का अभाव और हम्मालों द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग शामिल है। कलेक्टर ने मंडी सचिव उमेश बसेड़ा को तत्काल साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

मंडी परिसर में कई जगह गंदगी देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंडी सचिव को फटकार लगाई। किसानों ने भोजन की व्यवस्था और नीलामी क्षेत्र में पंखे लगाने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने इस सुझाव पर... **शेष पेज 4 पर**

# आरोप: चेकिंग के नाम पर वसूली..?

### ✻ निजी बस संचालको के रसूख के आगे नतमस्तक परिवहन विभाग
### ✻ बसों को बनाया ट्रक, भर-भर कर अवैध रूप से हो रहा माल परिवहन

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीएम के निर्देश के बाद जिला परिवहन विभाग एक बार फिर औपचारिकता निभाने के लिए बाबू स्तर के कर्मचारियों के साथ बसों की फीटनेस जांचने के लिए सड़क पर उतर गया। लेकिन, चेकिंग के नाम पर वसूली के आरोप फिर से लगने लगे हैं। इसका कारण है कि बड़े और रसूखदार ट्रेवल्स संचालकों तक पहुंचने की हिम्मत ही विभाग के अधिकारी नहीं जुटा पा रहे। आदेश के बाद खानापूर्ति की कार्रवाई की जा रही है। पहले ही दिन की कार्रवाई में मिरेकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल् के संचालक सहित अन्य लोगों ने विभाग पर गंभीर आरोप भी लगाए। कॉलेज संचालक मनोहर मैनारिया ने बताया कि बस में स्पीड गर्वनर लगा हुआ था। इसके बाद भी अधिक स्पीड बताकर दो घंटे तक बस रोकी। इसमें विद्यार्थी और स्टॉफ मौजूद था। लाइसेंस निरस्ती की धमकी देकर तीन हजार रुपए मांगे गए। सभी दस्तावेज दिखाने के बाद भी विभाग ने जबरन राशि वसूली। इधर जिलेभर में चल रही खटारा बसें सड़को पर अवैधानिक रूप से दौड़ रही है। नियम विरुद्ध बसों में अवैध तरीके से लगेज भरकर ले जाया जा रहा है। इन बसों पर विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे है।

प्रदेश में जब भी बड़े बस हादसे होते हैं बसों की जांच का फरमान जारी कर दिया जाता है। संबंधित विभाग के अधिकारी भी औपचारिकता निभाने मैदान में उतर जाते हैं। इसके उलट जिला मुख्यालय पर खुलेआम बसों में अवैधानिक रूप से कृषि जिंसों को लादा जा रहा है। दिन में ही बस स्टैंड से अनफिट खटारा बसो का संचालन हो रहा है। जब खुलेआम यात्री बसों का 'ट्रक' के रूप में अवैधानिक रूप से उपयोग हो रहा है। दैनिक गुरु एक्सप्रेस ने सड़को पर बसों का जायजा लिया। इसमें कई बसें अनफिट दिखीं। एक बस की खिड़की का कांच की टूटा था। उसमें कांच के स्थान पर 'सनमायका' लगा रखा था। कई बसों की बॉडी जवाब दे गई थी। जगह जगह जंग लगा था। अधिकांश बस के चालक बिना वर्दी के थे। फर्स्ट एड बॉक्स तो अधिकांश बसों में था ही नहीं। इन बसों की फिटनेस की जांच किसी ने कभी की भी होगी इसको लेकर भी संशय दिखा। खुलेआम बस स्टैंड पर खटारा बसें खड़ी दिखीं।

#### परिवहन विभाग की लापरवाही से टैक्स की चोरी...

पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त रूप से चलाए जा रहे विशेष अभियान में इस तरह के हालात अभियान की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। मंदसौर से अवैधानिक रूप से माल विशेषकर कृषि जिंस दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में भेजी जाती हैं। इसमें लाखों रुपए की टैक्स की चोरी भी होती है। कुछ वर्ष पूर्व नीमच में जिला स्तर पर कई विभागों की संयुक्त कार्रवाई में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का खुलासा भी हो चुका है। इसके बाद नीमच, मंदसौर के बजाय बस संचालक जिले से लगी राजस्थान सीमा से अवैधानिक रूप से माल लोडिंग करने लगे थे। प्रशासनिक सुस्ती के बाद बस संचालकों ने शहर में ही अवैधानिक रूप से बसों में माल लोड करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया।




#### सीटों और छतों पर लगेज...

चौकाने वाली बात यह थी कि जहां यात्रियों को बैठना चाहिए, वहां सीटों पर भी माल भरा जा रहा है। जहां लगेज रखा जाना चाहिए, वहां भी माल लोड किया गया। छतों पर माल ऐसे रखा जा रहा है जैसे लोडिंग वाहन हो। क्विंटलों से माल बसों में भरा जा रहा है। विशेषकर रसूखदार ट्रेवल्स की बसों में इस तरह का कार्य हो रहा है। लंबी दूरी की बसों में ट्रक की तरह बसों का उपयोग किया जा रहा है।

## प्री मानसून की दस्तक, गुजरात में बना हवा का चक्रवात लाएगा आंधी-बारिश

**भोपाल, 15 मई गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून एक्टिविटी जारी हैं। वहीं कुछ हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला भी चल रहा है। बीते दिन प्रदेश में अनेक स्थानों पर बादल, बूंदाबांदी, बौछारों का सिलसिला रहा। वहीं ग्वालियर, चंबल सहित अन्य स्थानों पर तापमानों में बढ़ोतरी भी हुई।**

मौसम विज्ञानियो के मुताबिक अभी कुछ सिस्टम सक्रिय है। लेकिन, प्रदेश के मौसम को पश्चिमी विक्षोभ और गुजरात में बना ऊपरी हवा का चक्रवात प्रभावित कर रहा है, इसके कारण बड़ी मात्रा में नमी आ रही है। जिससे दोपहर बाद, रात में अनेक स्थानों पर बादल, गरज चमक, बौछारों की स्थिति बन रही है। अभी प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं शेष स्थानों पर दो तीन दिन तापमान सामान्य रहने की संभावना है, साथ ही गरज चमक की स्थिति बन सकती है। मध्यप्रदेश में अगले 03 दिन यानी 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 27 जिलों में आज भी तेज आंधी चल सकती है। वहीं, बारिश होने के भी आसार है। 20 मई से तेज गरमी पड़ेगी। हालांकि, उस दौरान भी नए सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है।

#### दिन भर तपन, शाम को हवा चली, बादल छाये...

**मंदसौर शहर** सहित अंचल में गुरुवार को दिन भर तेज धूप से लोग तपते रहे। लेकिन, दोपहर बाद अचानक बादल छाये और हवा चलने लगी। इस दौरान कहीं बारिश तो कहीं बूंदा-बांदी भी हुई। हालांकि, बादल छाने और हवा चलने से लोगो को गरमी की तपन से राहत मिली।

## सीबीएन टीम की पिपलिया में दबिश

### घर की तलाशी ली, स्थानीय पुलिस को नही दी सूचना

**पिपलियामंडी, 15 मई गुरु एक्सप्रेस। सीबीएन टीम ने गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ के समीप एक घर पर दविश दी, घर की तलाशी लेकर पंचनामा बनाया व वापस चले गए। इस मामले में पिपलिया मंडी पुलिस थाने पर कोई तस्दीक नहीं दी गई।**

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर 12 बजे करीब गायत्री शक्ति पीठ के निकट गोपाल पालीवाल नामक व्यक्ति के घर पर सीबीएन की टीम ने दबीश दी। बताया गया टीम में 8 से 10 अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। सभी ने घर की तलाशी ली। इसके बाद पंचनामा बनाया और चले गए। जानकारी के अनुसार गोपाल को किसी मामले में सीबीएन टीम ने डोडाचुरा समेत पकड़ा था। इसी मामले को लेकर टीम दबिश देने पहुंची थी। मामले को लेकर पिपलिया मंडी टीआई विक्रमसिंह इवने का कहना है कि सीबीएन टीम ने पिपलियामंडी पुलिस को इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी थी।

## सोलर पावर बिजली उत्पादन में मंदसौर का छटवां नंबर

### ✻ रतलाम चौथे पर, सबसे आखिरी में नीमच ✻ केंद्र सरकार तीन किलोवॉट संयंत्र पर दे रही 78 हजार की छूट

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** सौलर पावर से बिजली उत्पादन में मंदसौर जिला संभाग में पिछड़ता नजर आ रहा है। संभाग में मंदसौर छटे नंबर पर है। हालंकि मालवा और निमाड़ के बिजली उपभोक्ताओं में सौर ऊर्जा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसमें नीमच आखिरी नंबर पर है तो वहीं रतलाम संभाग में चौथे स्थान पर है। इंदौर पहले, उज्जैन दूसरे, देवास तीसरे नंबर पर है।

#### 15 हजार से ज्यादा रूफ सोलर नेट मीटर लगे...

रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना का मालवा और निमाड़ क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा हैं। कंपनी क्षेत्र में कुल 30 हजार 500 उपभोक्ताओं के यहां पैनल्स लगी हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बाद लगभग एक वर्ष में 15 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां पैनल्स स्थापित हो चुकी हैं। इन्हें पात्रतानुसार केंद्र शासन द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही हैं। पिछले 14 माह के दौरान 15 हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ता अपने यहां रूफ टॉप सोलर नेट मीटर लगा चुके हैं।

#### मंदसौर में 900 व नीमच में 875 स्थानों पर लगे पेनल्स...

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत इंदौर नगरीय सीमा में कुल 16 हजार उपभोक्ताओं के यहां पैनल्स लग चुके हैं। इसके बाद उज्जैन जिले में 3100 स्थानों पर, देवास जिले में 1940 स्थानों पर, रतलाम जिले में 1450 स्थानों पर, खरगोन जिले में 1400 स्थानों पर मौजूदा बिजली उपभोक्ताओं द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन रूफ टॉप सोलर नेट मीटर स्थापना के साथ किया जा रहा हैं। बड़वानी जिले में एकहजार, धार एवं मंदसौर जिले में 900, नीमच जिले में 875 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन जारी हैं। अन्य जिलों में 110 स्थानों से लेकर 500 स्थानों पर छतों, परिसरों से बिजली तैयार हो रही है।



#### इस तरह मिल रही सब्सिडी...

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर पहले एक किलोवाट पर 30 हजार, दूसरे पर फिर तीस हजार एवं तीसरे किलोवाट पर 18 हजार की सब्सिडी दी जाती हैं। इस तरह तीन किलो वॉट के संयंत्र लगाने पर अधिकतम 78 हजार की सब्सिडी दी जाती हैं। घरों पर तीन किलो वॉट से ज्यादा के संयंत्र भी लगाए जा सकते हैं, लेकिन अधिकतम सब्सिडी 78 हजार ही देय हैं।

#### इनका कहना...

अब तक 12 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 90 करोड़ की सब्सिडी जमा हो चुकी हैं। योजना में प्रकरणों के अत्यंत कम समय में मंजूर किया जाता हैं। इस कारण उपभोक्ता इस ओर आकर्षित होकर पैनल्स लगा रहे हैं। ऐसे उपभोक्ता अपने उपयोग की बिजली स्वयं तैयार कर रहे हैं।

**अनूप कुमार सिंह,**
**प्रबंध निदेशक, मप्र पश्चिमी क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर।**

## 41 किलो अफीम में फरार आरोपी साथियों सहित विंग के कब्जे में आया...

### एक करोड़ से ज्यादा कीमती एमडी के साथ तीन गिरफ्तार

✻ मंदसौर से एमडी ले जाकर मुंबई माहिम और आस पास सप्लाय करते थे आरोपी ✻ लोडिंग पिकअप से 1 किलो 100 ग्राम एमडी कीमती 01 करोड़ 11 लाख की जप्त ✻ एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई मंदसौर विंग द्वारा बड़ी कार्यवाही ✻ आरोपी आदतन अपराधी, पूर्व में भी आरोपियों के मुंबई व राजस्थान में एमडी, अफीम के केस

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस। तस्करी एवम माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के तहत धरपकड़ करने के अभियान में मप्र पुलिस की नारकोटिक्स विंग की मंदसौर इकाई को बड़ी सफलता मिली हैं। विंग के इंस्पेक्टर भरत चावड़ा द्वारा मुखबीर सूचना पर तीन लोगो को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम कृत्रिम मादक पदार्थ एमडी जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में से एक राजस्थान पुलिस के 41 किलो अफीम प्रकरण मामले में पेरोल से फरार हो गया था।**

दरअसल नारकोटिक्स मंदसौर की टीम को मुखबीर तंत्र से सूचना मिली थी की आरोपी शम्सुद्दीन उर्फ अन्नू पिता इब्राहिम शैख़ उम्र 32 वर्ष निवासी मदारपुरा मंदसौर, यामीन ख़ान पिता मोहम्मद यूसुफ़ ख़ान उम्र 47 वर्ष निवासी गौस पाक का साई बाबा मंदिर के पास नया नगर माहिम वेस्ट मुंबई, समीर शेख़ पिता जाकिर शेख़ उम्र 50 वर्ष निवासी नयानगर माहिम मुंबई का अपनी कब्जे की पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 14 जेड एफ 7645 लहसून भरकर मुंबई जा रहे है और साथ में अवैध मादक पदार्थ एमडी ले जा रहे है। मुखबीर की सूचना पर निरीक्षक भारत सिंह चावड़ा मंदसौर नारकोटिक्स विंग की टीम द्वारा मंदसौर- नीमच बायपास मिर्जापुरा फंटा पर मुखबीर के बताए अनुसार टीम ने घेराबंदी कर पिक अप एवं एमडी सहित तीनों आरोपियो को पकड़ा तथा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए एक किलो 110 ग्राम एमडी कीमती करीब 01 करोड़ 11 लाख रु की पकड़ी एवम प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बता दें कि आरोपी शम्सुद्दीन राजस्थान से 41 किलो अफीम के मामले में पेरोल से पिछले 04 महीने से फरार चल रहा था।

## मंदसौर का फिजियोथैरेपी सेंटर प्रदेश का नंबर वन बनेगा

### गनेड़ीवाल ट्रस्ट ने दी आधुनिक मशीनें, होगा दिव्यांगों सहित जरूरमंदों का उपचार

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश का पहला आधुनिक फिजियोथैरेपी सेंटर मंदसौर में होगा। जहां अत्याधुनिक मशीनों से उपचार होगा। सेवा के क्षेत्र में गनेडीवाल ट्रस्ट ने एक ओर कदम बढ़ाते हुए इसके लिए सात लाख रूपए की आधुनिक मशीनें दान की है।

सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र अर्थात डीडीआरसी मंदसौर अब अत्याधुनिक मशीनों से संचालित होगा। इस केंद्र पर अब दिव्यांगजनों, बच्चों के साथ प्रत्येक जरूरत मंद मरीजों को आधुनिक मशीनों के माध्यम से उपचार की सुविधा मिलेगी। इस केंद्र को अति आधुनिक बनाने के लिए 'मन से मंदसौर' जिला स्तरीय प्रयोजन के माध्यम से प्रदीप गानेड़ीवाल ट्रस्ट ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र को 07 लाख रुपए की आधुनिक मशीनें दान की है। जिला प्रशासन मंदसौर द्वारा जिले में एक नवाचार करते हुए 'मन से मंदसौर' की शुरुआत की। इसमें समाज के जरूरतमंद व्यक्ति की संस्थाओं, समाजसेवियों द्वारा मदद की जाती है। इसके लिए कोई भी व्यक्ति जो किसी भी प्रकार का दान देना चाहता है वो अपना रजिस्ट्रेशन 'मन से मंदसौर' पर कर सकता है। साथ ही साथ जिन व्यक्तियों को किसी आर्थिक सहायता इत्यादि की आवश्यकता है, उनकी भी जानकारी इस पर दर्ज की जा सकती है।

#### बड़े शहरों में नहीं जाना होगा...

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ चौधरी का कहना है कि, प्रदेश का पहला सरकारी फिजियोथैरेपी सेंटर होगा जहां मरीजों को मशीनों के माध्यम से थेरेपी और इलाज की सभी सुविधा उपलब्ध होगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र मंदसौर में दान के पश्चात जितनी मशीने उपलब्ध होंगी, उतनी अन्य किसी सरकारी संस्थान में उपलब्ध नहीं है। इन साधनों और मशीनों से मरीजों को तुरंत उपचार पर जल्दी आराम मिलेगा। उन्हें शारीरिक लाभ की प्राप्ती बहुत जल्दी होगी। आर्थिक नुकसान भी नहीं उठाना पड़ेगा। अन्य शहरों में इलाज के लिए अब जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही जगह पर सभी प्रकार की सुविधा मरीजों को मिलेगी।



#### नईमशीनों से मिलेगी यह सुविधा...

इन अत्याधुनिक मशीनों में ओस्टियोपेथी टेबल, मोटराइज्ड हाईलो काउच जो मरीज के आरामदायक पोजीशन के काम आती है। एसडब्लूडी 500, अल्ट्रासाउंड, ट्रांस क्यूटैनियस नर्व स्टिमुलेशन, इंटरपेरेंशियल थेरेपी मशीन जो की न्यूरो व मस्कुलर पेन प्रबंधन में उपयोग की जाती है। ट्रेक्शन टेबल कमर और गर्दन की नसों के दबाव को खोलने के उपयोग में आती है। पिईएमएफ मशीन जो एक थेरेपी मशीन है। यह कूल्हे के जोड़, घुटनों के दर्द, कमर और गर्दन के दर्द को ठीक करने में उपयोगी है। वॉल माउंट स्टैंड कमर के टेढ़ेपन, कंधे के जाम होने पर उसको ठीक करने में उपयोगी है। क्वाडिसेप टेबल जांघ की मांसपेशियों की कमजोरी को दूर करने में काम आती है। गोनियोमीटर सेट जो की घुटनों के अर्थराइटिस, घुटनों की गादीयों के फटने व अन्य घुटनो के दर्द में लाभदायक है। अनवाइजिंग सिस्टम लकवा, स्पाइन कॉर्ड इंजुरी के मरीजों के बैलेंस बनाने, चलने की क्षमता को बढ़ाने में लाभदायक है। इसके साथ ही अन्य उपकरण जिसमें हैंड ग्रिप्स टूल्स, एक्सरसाइ बॉल, आईएएसजेएम टूल्स, अन्य छोटे टूल्स इत्यादि जो कसरतों में लाभदायक है।

**डबल लाईन के लिए-** रेलवे दोहरीकरण के चलते विद्युत पोल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गीताभवन अंडर ब्रिज के यहां पोल लगाया गया।



## शिवना शुद्धिकरण अभियान के दिखने लगे है सकारात्मक परिणाम...

# नगर के साथ ग्रामवासी भी बढ़-चढ़ कर ले रहे भाग

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जागरूक विधायक श्री विपिन जैन के शिवना शुद्धिकरण अभियान से हर खास व आम व्यक्ति जुड़ रहा है। इस अभियान के प्रसिद्धी इसी बात से दिखाई देती है कि मंदसौर नगर के साथ-साथ आसपास क्षेत्रों के ग्रामीण भी बडी संख्या में इस अभियान से जुड़कर श्रमदान कर रहे है। इसका सकारात्मक परिणाम भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। पशुपतिनाथ मंदिर के निकट बह रही शिवना नदी जलकुंभी मुक्त दिखाई देने लगी है। शिवना का जल साफ व स्वच्छ दिखाई देने लगा है। पशुपतिनाथ मंदिर आने वाले दर्शनार्थी भी जलकुंभी मुक्त शिवना नदी के परिदृश्य को देखकर प्रसन्नचित्त हो रहे है।

मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने बताया कि 1 मई से शुरू हुए इस अभियान में 15 दिनों में नगर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, धार्मिक संस्थाएं, खिलाड़ी, पेंशनर्स, युवा, मातृशक्ति सहित कांग्रेसजनों ने सहभागिता की जिसके परिणाम स्वरूप शिवना नदी से 15 दिनों में 154 ट्राली जलकुंभी व गंदगी बाहर निकाली गई। इस अभियान की विशेषता यह रही कि यह अभियान पूर्णत: मानव परिश्रम से ही चलाया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की मशीनरी का उपयोग नहीं हो रहा है। श्रमदानी स्वयं श्रम कर नदी मे उतरकर जलकुंभी अपने हाथों से निकाल रहे है।



अभियान के 15वें दिन समाजसेवी पूर्व टीआई रामचन्द्र मालवीय, मनीष भावसार, सुधांशु भावसार, रमेश सोनी, घनश्याम भावसार, मनोज जैसवार, हेमंत जैसवार, महेश दुबे, एम्ब्रोज अल्टर, शारदानंद पाण्डे पुलिस विभाग, अभिषेक तिवारी, विजय आनंद, धीरज शुक्ला, सीए शाखा मंदसौर राजेश मण्डवारिया, विनय अग्रवाल, नितेश भदादा, अर्पित नागर, सिद्धार्थ अग्रवाल, राजेश जैन, अर्पित मेहता, अंकुश जैन, गजेन्द्र आंजना, बोहरा समाज से फिरोज कापड़िया, मुस्तफा कापड़िया, इकबाल मनासावाला, तैयब अली घड़ियाली, फकरूदीन तेलवाला, मुर्तजा घड़ियाली, सेवा बैंक मंदसौर के सुनील बंसल, नटवर पारिख, युवा प्रेस क्लब मंदसौर के चरण राजपाल, निलेश भारद्वाज, संजय भाटी, तेज भारद्वाज, विजेन्द्र फाफरिया, रूपेश सौलंकी, मालवीय समाज से रामचन्द्र मालवीय, सोहनबाई मालवीय, आयुषी मालवीय, सुरेश चौहान, सतीश मालवीय, सावन मकवाना, दिनेश सौलंकी, गोपाल मालवीय, गोविन्द मालवीय, राकेश डांगी, पप्पूभाई गुजराती, सोहनबाई पंवार, आयुषी पंवार, महेश मालवीय, ग्राम अमलावद से कैलाश कुमावत, मुकेश मीणा, रमेश धनगर, निम्बोद गांव से निर्भयराम गोयल, किशोर गोयल, रामप्रसाद गोयल, कमलेश जैन, बंटेश मालवीय, बद्रीलाल राठौर, ईश्वरलाल गोयल, कारू सौलंकी, सत्यनारायण मालवीय, श्रवण तिवारी, रमेश मालवीय, घनश्याम टांक, प्रदीप टांक, पुष्कर मालवीय, राजू मालवीय, महेश मालवीय, नागुलाल मालवीय, मनीष जैन, बिल्लू बादशाह, बलराम बारेठ, साबाखेड़ा से शंकरलाल पाटीदार, कोमलराम बघेरिया, अनिल पाटीदार, वरदीचंद धनगर, अनिल पाटीदार, रविन्द्र पाटीदार, वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई मंदसौर जगदीश चौधरी, भगवानदास विजयवर्गीय, सुभाष खण्डेलवाल, राकेश दुग्गड़, गोपाल पसारी, महेश मोदी, महेश सोमानी, रामगोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश चौधरी, पवन सेठिया, कपिल भण्डारी, आशीष अग्रवाल, ओम चौधरी, दिलीप सोमानी, सचिन पाटनी, गोविन्द मुजावदिया, राधेश्याम मांदलिया, महेन्द्र जाजू, कमल विनायका, आशीष अग्रवाल, महेश गुप्ता, जगदीश काला, अनिल गुप्ता, राजेन्द्र घाटिया, रमेश काबरा, महिला नेत्री सोनाली जैन, रफत पयामी, इष्टा भाचावत, अनिता भदोरिया, मीना चौहान, प्रमीला पंवार, वर्षा दोसरिया, शैली पोरवाल, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, कांग्रेसजन कांतिलाल राठौर, तरूण खीची, राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, संजय नाहर, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, राजेश फरक्या, रमेश सिंगार, वहिद जैदी, बद्रीलाल धाकड़, साबिर इलेक्ट्रीशियन, राकेश सेन, राजेश चौधरी, गगन माली, आमिन खान, चेनसिंह सिसौदिया, संदीप सलोद, मनोहर रत्नावत, राकेश पाटीदार सेमलियाहीरा, अकरम खान, शिवशंकर सौलंकी, अजय सोनी, महेश गुप्ता, अमरथ सौलकी, कचरमल जटिया, गणपत कुमावत, प्रहलाद मालवीय, गोपाल बंजारा, शैलेन्द्र गोस्वामी, सोहनलाल धाकड़, शांतिबाई धाकड़, मोहित धाकड़ धमनार, ओमप्रकाश सूर्यवंशी माण्डवी, जीतू गुगर, दुर्गाशंकर धाकड़, रवि विनायका, आदर्श जोशी सहित बडी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।

# परीक्षा परिणामों में कायम रहा लोटस वैली का दबदबा

## 10 वीं और 12 वीं साइंस में डिस्ट्रिक्ट टॉपर लोटस के, 10 वीं के टॉप 10 में पांच स्थानों पर लोटस वैली के बच्चों का कब्जा

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले की अग्रणी शिक्षण संस्था लोटस वैली स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, समर्पित शिक्षक और छात्रों की मेहनत से निरंतर, नियमित और ऐतिहासिक सफलता अर्जित की जा सकती है।

सीबीएसई द्वारा हाल ही में घोषित किए गए कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणामों में लोटस वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना दबदबा कायम रखा है। सीबीएसई 2024-25 की 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में लोटस वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। 10वीं कक्षा में लोटस वैली स्कूल के छात्र सम्यक कोठारी ने 97.40 प्रतिशत के साथ डिस्ट्रिक्ट टॉप किया है। यही नहीं, जिले के टॉप 10 में से 5 छात्र लोटस वैली स्कूल से हैं, जिनमें सम्यक के साथ ही स्नेहा सिंह 97 प्रतिशत, करिश्मा डपकरा 95.60 प्रतिशत, चहक गंगवाल 95.60 प्रतिशत और प्रार्थना राठौर 95.40 प्रतिशत शामिल हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सम्यक ने मैथ्स और आईटी तथा स्नेहा ने आईटी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 10 वी में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 30 प्रतिशत बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक और 46 प्रतिशत बच्चे 85 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। आईटी में 6 बच्चों को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए। कक्षा 12 वीं के परिणामों में विज्ञान संकाय (साइंस स्ट्रीम) में जतिन मनवानी ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया। कॉमर्स में चारवी रांका ने 96.2 प्रतिशत, शुभ्रा आचार्य ने 96 प्रतिशत, अंबिका सिंह तोमर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। लोटस वैली स्कूल के डायरेक्टर श्री विकास आचार्य और प्रिंसिपल श्रीमती विभा आचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।लोटस वैली स्कूल का यह गौरवशाली परिणाम बच्चों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के गुणवत्ता युक्त शिक्षण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है।

# भारत की आन, बान, शान का प्रतीक बना ऑपरेशन सिन्दूर-सोहोनी

## अभा साहित्य परिषद की ऑपरेशन सिन्दूर पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** अ.भा. साहित्य परिषद मंदसौर ने ऑपरेशन सिन्दूर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी शा. महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य डॉ. रवीन्द्रकुमार सोहोनी की अध्यक्षता, सांसद प्रतिनिधि श्री कपिल भण्डारी एवं लायंसक्लब गोल्ड के अध्यक्ष सीए श्री सिद्धार्थ अग्रवाल के विशेष आतिथ्य एवं सेना के रिटायर्ड मेजर उषा कुमावत की गरिमामय उपस्थिति तथा नरेन्द्र भावसार, नरेन्द्र त्रिवेदी, नंदकिशोर राठौर, अभय मेहता, ललिता मेहता, अजय डांगी, चंदा डांगी, नरेन्द्रसिंह राणावत, राजेन्द्र तिवारी, विजय अग्रिहोत्री, देवेन्द्र हंसवाल सरवानिया महाराज, प्रकाश कल्याणी, मनी शामगढ वाला, अजीजुल्लाह खान, ललित बटवाल, हिमांशु वर्मा, राहुल राठौर, कवि युवराज, ईश्वर डांगीकी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।



इस अवसर पर बोलते हुए श्री सोहोनी ने कहा कि सोची समझी लांग टर्म पॉलिसी के अंतर्गत पाकिस्तान ने पुलवामा आतंकी हमला कराया ताकी भारत हिन्दू मुस्लिम में पढकर गृह युद्ध की ओर कदम बढाए तभी पाकिस्तान को कश्मीर पर हमला करने का अवसर मिलेगा। लेकिन महिलाओं के सुहाग उजाड़ने वाली इस घटना को देश के नेतृत्व ने भारत की सम्पूर्ण नारी जाति के सम्मान से जोडते हुए स्त्रीत्व पर हमला माना और इसका जवाब ऑपरेशन सिन्दूर के रूप में भारतीय सेना के द्वारा दिया जाना तय किया और चार दिन में ही भारतीय सेना ने पाक को युद्ध विराम के लिये मजबूर कर दिया। इसी घटनाक्रम से आज भारत की आन, बान ऑपरेशन का प्रतीक बना ऑपरेशन सिन्दूर। मेजर उषा कुमावत ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में 40 सैनिकों की टूकडी का नेतृत्व कर्नल सोफिया कुरेशी ने किया तो विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह ने एअर स्ट्राइक में पाक के 9 ठिकानों को ध्वस्त कराया। दोनों महिलाओं ने पहलगाम आतंकी हमले में भारतीय महिलाओं के सुहाग पर हुए हमले का बदला ऑपरेशन सिन्दूर में लिया। मुझे भी अपनी अमरनाथ यात्रा की पोस्टिंग के समय आतंकियों द्वारा दोपहर में चाय की केतली में विस्फोटक लगाकर मेरी कमान की 4 महिला सैनिकों को शहीद कर दिया था, उनका बदला अब ऑपरेशन सिन्दूर से पूरा होता मालूम पड़ता है। महिलाओं के सुहाग पर हमले का बदला है ऑपरेशन सिन्दूर। सांसद प्रतिनिधि कपिल भण्डारी ने कहा कि यह नया भारत है इस बात को पाकिस्तान को समझाने में ऑपरेशन सिन्दूर कामयाब रहा है। सेना के द्वारा चलाए इस अभियान में 100 आतंकी उनके 9 ठिकाने, एअर बेस और डिफेंस एअर सिस्टम तबाह हुए है। चौथे दिन ही पाक युद्ध विराम के लिये गिडगिडाया। यह ऑपरेशन सिन्दूर का ही कमाल है। सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि सिन्धु जल संधी रद्द करना एक कुटनिती फैसला है इससे पाकिस्तान और आर्थिक रूप से कमजोर होगां साथ ही एक नया मैसेज पाक को दिया कि, कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा। इस दौरान विजय अग्रिहोत्री, जितेन्द्र प्रतापगढ, देवेन्द्र हंसवाल, चन्दा डांगी, प्रकाश कल्याण नरेन्द्र त्रिवेदी, अजीजुल्लाह खान ने भी अपने विचार रखे। काव्य गोष्ठी में नरेन्द्र भावसार ने कविता था जिनको धर्म पूछने का गुरूर, कुबुल करो तोहफा ए ऑपरेशन सिन्दूर , नंदकिशोर राठौर ने मत समझना हर बार की तरह यूं ही छोड देंगे, अगर अंगुली भी दिखाई तो अंगुली तोडदेंगे , मनी शामगढवाला ने छाती छलनी कर गये, मारे गये निर्दोष सुनाई , राजेन्द्र तिवारी ने पोंछ के बहनों का सिन्दूर तुम हंसते हो , राहुल राठौर ने पोंछ के बहनों का सिन्दूर तुम हंसते हो , युवराज ने मेरी कविता ढूंढ रही जालिम मक्कारो को , ईश्वर डांगी ने चलो तन अपना वतन के नाम करे आज , नरेन्द्र राणावत ने जब तक रहे सूरज चंदा लहराता हे ये तिरंगा । पूर्व एवं रिया मेहता ने देश हमारा भारत प्यारा गीत सुनाया। अभय मेहता, मनीष कनोदिया, हिमांशु वर्मा ने देशभक्ति गीत सुनाए। काव्य गोष्ठी का संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया एवं आभार नरेन्द्र त्रिवेदी ने माना।

# जिले में जन सहयोग से जल संवर्धन अभियान प्रारंभ

## जिले में जनसहयोग से 138 जल संरचनाओं से निकाली गई 13 हजार 725 ट्राली मिट्टी

**नीमच, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिल में जन सहयोग से जल संवर्धन का अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निर्देशन में प्रारंभ किये गये जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत विभिन्नव ग्राम पंचायतों में तालाबों एवं जल संरचनाओं का जन सहयोग से गहरीकरण कर मिटटी निकालकर खेतों में डालने का कार्य किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां तालाबों का गहरीकरण होकर उनकी जल भराव क्षमता बढेगी साथ ही किसानों को अपने खेतों के लिये उपजाउ मिटटी भी उपलब्ध हो रही है।



जन सहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को जनपद मनासा के गांव लसुडी आंत्री, दुरगपुरा, सेमली ईस्ततमुरार, कुण्डावलिया, डायली, रायसिंगपुरा, मौखमपुरा, पालदा, नलवा, मौखमपुरा, जनपद जावद के गांव लुहारिया चुण्डा वत, बधावा, डोराई, दौलतपुरा, राजपुरा झंवर, लुहारिया जाट, सुठोली, कदवासा में जन सहयोग से पंचायतों द्वारा तालाब गहरीकरण का कार्य कर मिटटी निकालकर किसानों के खेतों में डाली जा रही है। इसके साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी जन सहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न नगर परिषदों द्वारा जल संरचनाओं की साफ-सफाई के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये गए। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और इसके तहत प्रत्येईक ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्डों में र्जन सहयोग से जल संवर्धन के कार्य किये जायेंगे। जनपद मनासा के सीईओ श्री अरविंद डामोर ने बताया, कि मनासा क्षेत्र में जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत तालाबों, स्टा,प डेमो एवं अन्यह जल संरचनाओं के गहरीकरण एवं मिट्टी निकालने हेतु 636 जल संरचनाएं चयनित की गई है। इनमें से 66 पंचायतों में मिट्टी निकालने का कार्य प्रारंभ कर, 6925 ट्राली मिट्टी निकाली जा चूकी है। इस कार्य में 900 से अधिक ग्रामीणों ने जन सहभागिता की है। इसी तरह जनपद क्षेत्र नीमच ने सभी 68 ग्राम पंचायतों में 427 जल संरचनाओं के गहरीकरण का कार्य चिन्हित किए जाकर, इनमें से 60 जल संरचनाओं का गहरीकरण प्रारंभ कर, अब तक 6650 ट्राली मिट्टी जन सहयोग से निकाल कर किसानों के खेतों में डाली गई है। जावद जनपद क्षेत्र में ग्राम पंचायत कदवासा, बधावा, दौलतपुरा, सुठोली, डोराई, लुहारिया जाट, आदि में जनभागीदारी से तालाबों से मिट्टी निकाली गई। क्षेत्र में गुरूवार को 12 जल संरचनाओं से मिट्टी निकालने का कार्य प्रारंभ कर, 175 ट्राली मिट्टी निकाली गई है। इसमें 130 ग्रामीणों से सहभागिता की।

# भाविप द्वारा रक्तदान, नेत्र प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** संपर्क,सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के पथ पर अग्रणी रहकर सामाजिक रचनात्मक और सेवा कार्य करने वाली प्रमुख संस्था भारत विकास परिषद शाखा मंदसौर द्वारा रक्तदान एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मंदसौर नगर के विजन एकेडमी संजीत रोड मंदसौर पर आयोजित कियागया। वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का शुभारंभ गुरुवार को श्री शिवकरण प्रधान, अध्यक्ष, श्री खाटूश्याम मन्दिर ट्रस्ट, मन्दसौर,डॉ.अशोक सौलंकी, नेत्ररोग विशेषज्ञ, श्री लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय, मन्दसौर डॉ. सौरभ मण्ड्वारिया, मेडिकल ऑफिसर, जिला चिकित्सालय, मन्दसौर डॉ.हिमांशु यजुर्वेदी, मनोचिकित्सक, जिला चिकित्सालय, मन्दसौर बतौर मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम पोरवाल ने की । इस अवसर पर मंचासिन शाखा अध्यक्ष डॉ आशीष अग्रवाल विज़नएकेडमी डायरेक्टर श्री सुनील सर थे। रक्तदान नेत्र प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शिवकरण प्रधान ने कहा कि भारत विकास परिषद की जो बागडोर इस बार सौंपी गई है, वो चेहरा हमेशा सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहता है। परिषद के इस पुनीत कार्य हेतु मेरी शुभकामनाएं।

# चालक ने जान बुझकर रिवर्स लिया वाहन, यात्री बस को मारी टक्कर

### सवारी से भरी बस क्षतिग्रस्त, सोशल मीडिया पर भी जमकर उठा मामला

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** निजी यात्री बस संचालको की प्रतिद्वंद्विता के आगे पुलिस और प्रशासन दोनों ही नतमस्क है। इधर यात्रियों की जान से खिलवाड़ जारी है। स्थिति यह है कि एक-दूसरे की बसों को भी नुकसान पहुंचाने से यह बाज नहीं आ रहे है। बुधवार शाम एक यात्री बस को दूसरी बस के चालक ने अपनी गाड़ी रिवर्स लेते हुए टक्कर मार दी। जबकि, इस दौरान बस में कई लोग सवार थे। इसमें बस को नुकसान भी हुआ। वहीं सवारिया भी घबरा गई। इस मामले में वायडी नगर पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। वहीं मामला सोशल मीडिया पर भी उठा है।

मन्दसौर में बुधवार रात शहर के कृषि उपज मंडी रोड पर बसों की भिड़ंत का वीडियो सामने आया है। एक ट्रैवल बस पीछे आकर दूसरी में घुसते हुए देखी जा सकती है।जानकारी है कि दोनों ट्रैवल बसों के बीच लाईन को लेकर आपसी विवाद है। यही कारण रहा कि जानबूझकर एक बस चालक ने दूसरी बस में रिवर्स लेते हुए अपनी बस घुसा दी। जिस बस में यह घुसी उसका आगे का ग्लास जिसे विंड स्क्रीन कहा जाता है, टूट गया। टक्कर के समय बस में यात्री भी थे, गनीमत रही कि वह सुरक्षित हैं। इस हादसे के बाद जय श्री बस के चालक हनुमान सिंह ने दूसरी बस के चालक के खिलाफ वायडी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बताया गया है कि बस क्रमांक एम पी 14 पी ए 0454 चालक ने बिना कोई संकेत दिए लापरवाही पूर्वक बस को पीछे लेते हुए टक्कर मार दी, जिससे बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया कि आरोपी बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# जिला प्रशासन द्वारा ईकेवाईसी कार्य के लिए विशेष महाअभियान प्रारंभ

**नीमच, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले की सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों के सभी वार्डो में खसरा ई-केवाईसी, समग्र, ई-केवाईसी, खाद्य ई केवाईसी, आधार, आरओआर की केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति के लिए बुधवार से चार दिवसीय तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।

जिले में इस अभियान के तहत बुधवार को ग्राम दुधलई, रामपुरिया, तालऊ, हतुनिया, आम्बाम, जाट, बनड़ा, सरवानिया महाराज एवं जीरन सहित विभिन्नय गांवों और शहरी वार्डो में ई-केवायसी के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में राजस्वा अमले एवं विभिन्न विभागों के ग्राम स्तगरीय अमलें ने शेष हितग्राहियों को प्रेरित कर, उनकी खसरा, समग्र आधार, खाद्य, ई-केवायसी, आर.ओ.आर., ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री की गई। एसडीएम श्री पवन बारिया, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी सहित संबंधित तहसीलदार एवं राजस्वड अधिकारियों ने ईकेवायसी शिविरों का निरीक्षण कर, ईकेवायसी कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यनक निर्देश भी दिए। कलेक्टसर श्री हिमांशु चंद्रा ने ईकेवायसी से शेष रहे सभी हितग्राहियों और किसानों से अपना ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाने की अपील की है। उन्होषने कहा,कि यदि किसी हितग्राही का ईकेवायसी नही होगा, तो उसे भविष्यी में शासन की विभिन्नं योजनाओं का लाभ प्राप्तव करने में असुविधा होगी। अत: सभी अपना ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाएं।

# बच्चों के कटे होंट एवं फटे तालु की स्क्रीनिंग हेतु शिविर आज

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके की टीम द्वारा चिन्हित बच्चों का दिनांक 16 मई को प्रात: 11:00 से 4:00 बजे तक जिला चिकित्सालय मंदसौर में नि:शुल्क कटे होंट एवं फटे तालु के बच्चों की स्क्रीनिंग हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें लाहोटी हॉस्पिटल भोपाल की टीम द्वारा सर्जरी हेतु बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। चिन्हित बच्चों की सर्जरी डॉ कपिल लाहोटी प्लास्टिक सर्जन के द्वारा भोपाल में निशुल्क की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सतीश सोनकर सोशल वर्कर मोबाइल नंबर 9584623814 पर संपर्क करें।



# बालागंज स्कूल की बाउंड्रीवाल को तुरंत ठीक करें

### बालागंज शिक्षा विकास समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** बालागंज शिक्षा विकास समिति की बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि बालागंज स्कूल की बाउंड्री वाल को तुरंत ठीक करें। इसके लिए शिक्षा विभाग प्रपोजल तैयार कर आगामी कार्यवाही शुरू करें। बालागंज स्कूल ग्राउंड को खेल मैदान के लिए तैयार करें एवं मैदान में रोशनी की समुचित व्यवस्था करें। मिनी स्टेडियम के लिए नया स्टीमेट तैयार करें एवं स्टेडियम को नवीन तरीके से बनवाएं। नगर पालिका को निर्देश दिए कि, कालाखेत में नगर पालिका की जो दुकान विक्रय से शेष बची हैं उनको विक्रय करने की कार्यवाही करे। जो दुकान खराब हो चुकी है, उनकी तुरंत मरम्मत की कार्यवाही पूर्ण करें।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिये राज्य शिक्षक संघ ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सिसौदिया को ज्ञापन दिया

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया से भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया व उनके समाधान करवाने का अनुरोध किया।



राज्य शिक्षक संघ ने प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्री सिसौदिया से कहा कि राज्य शिक्षा मध्य प्रदेश जिला मंदसौर द्वारा वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा सत्र 2025-26 हेतु प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को छात्र संख्या एवं विषय के मान से अतिशेष का चिन्हांकन एजुकेशन पोर्टल 3.0पर प्रदेश के समस्त जिलों के अतिशेष शिक्षकों की सूची लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी की गई है जिसमें कई विसंगतिया है जिसमें प्रमुख रूप से प्राथमिक विद्यालय में पूर्व निर्धारित 60बच्चों के स्थान पर एजुकेशन पोर्टल 3.0पर 74छात्र संख्या के मान से सूची जारी की गई है अत: पूर्व वर्षो के निर्देशानुसार ही अतिशेष की गणना की जावे संभव हो तो अतिशेष की प्रक्रिया को स्थगित किया जावे। माध्यमिक स्कूलों में तीन शिक्षक (माध्यमिक, प्राथमिक) के स्थान पर विषयों का प्राथमिकता का निर्धारण पहले अंग्रेजी, गणितएवं सामाजिक अध्ययन (कला) को अनिवार्य किया गया है जबकि न्यूनतम तीन शिक्षक वर्षों सें चाहे हिंदी, संस्कृत एवं विज्ञान के अध्यापन कराते आ रहे हैं वर्तमान में हिंदी, संस्कृत एवं विज्ञान के शिक्षको के लिए छात्र संख्या की अनिवार्यता की गई है अत: माध्यमिक विद्यालय में कम से कम तीन शिक्षक पदस्थ हैं उन्हें अतिशेष प्रक्रिया से मुक्त रखा जावे। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में अतिशेष की सूची में कई माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षक के नाम है जबकि कई स्कूलों में सैकडी की संख्या में छात्र है फिर भी उन्हें अतिशेष माना गया है। छात्र संख्या के आधार पर इन्हें मुक्त रखा जावे।

महासचिव दिनेश शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एडमिशन होना है और पिछले वर्ष पोर्टल के आधार पर छात्र संख्या के मान से अतिशेष की गणना की गई है जो न्याय संगत नहीं है। साथ ही विभाग के सभी कार्य पोर्टल आधारित हो रहे हैं जबकि पोर्टल पर अद्यतन कई जानकारी जैसे विषयमान से पदस्थ शिक्षक, योग्यता, स्कूल वार रिक्त पद में भी विसंगतियां हैं तो अतिशेष की सूची जारी करने के पश्चात सम्बन्धित शिक्षक को दावे आपत्तियां (पक्ष) सुनने का अवसर विभाग को पहले देना चाहिए मात्र एक दिन का अवसर दिया जाना कहा तक उचित है। पोर्टल पर जिस ब्लॉक के शिक्षक रिक्त पद पर आवेदन करना चाहते हैं किंतु रिक्त पद उपलब्ध नहीं होते से आवेदन नहीं कर पा रहे हैं दूसरी ओर डराया जा रहा है कि अगर ऑनलाइन आवेदन नहीं करेंगे तो प्रशासनिक स्थानांतरण किया जाएगा। हमारी मांग है कि उक्त प्रक्रिया को वर्तमान में स्थगित कर छात्र संख्या बढाने हेतु अवसर प्रदान किया जावे। उक्त मांगपत्र पर माननीय यशपाल सिंह सिसोदिया ने आश्वस्त किया कि मैं स्कूली शिक्षा मंत्री जी से चर्चा करूंगा एवं आज तक जिले के शिक्षको की जो भी न्यायोचित समस्याएं हैं उन को हल कराने का पूरा प्रयास किया है उक्त समस्या का सकारात्मक हल निकले ऐसा मेरा प्रयास है आप सभी से अनुरोध है कि नवीन सत्र में जिले के सभी स्कूलों में छात्र संख्या बढाने हेतु आप सभी सतत प्रयास करे एवं बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाए। मंदसौर में संघ का प्रतिनिधि मंडल जिसमें दिनेश शुक्ला, नेपाल सिंह राणावत, हरिसिंह राठौर, सुनील धनोतिया, जयदीप सिंह शक्तावत, रणछोड निनामा, भगवती शर्मा, मनोहर झावा, गेंदालाल शर्मा, कैलाश पोरवाल, दयाशंकर भैंसोदिया, कमलसिंह, लक्ष्मी पाटीदार, जितेंद्र भाई, जगदीश, लक्ष्मी नारायण पाटीदार,महेंद्रसिंह, , विजय सिंह परिहार,राजेंद्र पाटीदार सहित कई साथी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी नेपाल सिंह राणावत ने दी है

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 34 | 2090 | 2219 |
| उडद | 2 | 4801 | 5596 |
| सोयाबीन | 4500 | 3750 | 4420 |
| गैहु | 9500 | 2300 | 2821 |
| चना | 500 | 4800 | 5693 |
| मसुर | 95 | 6000 | 6471 |
| धनिया | 252 | 5251 | 6790 |
| लहसुन | 17000 | 3200 | 9000 |
| मैथी | 895 | 3800 | 5390 |
| मुंगफली | 693 | 3700 | 5500 |
| अलसी | 2500 | 6570 | 7318 |
| सरसो | 427 | 5701 | 6181 |
| तारामीरा | 2 | 5237 | 5237 |
| इसबगोल | 137 | 7700 | 11200 |
| प्याज | 4969 | 251 | 811 |
| कलोंजी | 10 | 15961 | 20301 |
| तुलसी बीज | 2 | 14181 | 14253 |
| डॉलर | 40 | 6100 | 8899 |
| तिल्ली | 4 | 7382 | 8301 |
| जौ | 15 | 2201 | 2320 |
| मटरसुखी | 2 | 3780 | 3780 |
| असालीया | 115 | 6317 | 6821 |
| चियाबीज | 66 | 11000 | 14631 |

## जयशंकर ने पाक से लेकर डोनाल्ड ट्रंप को दिया सख्त संदेश...

# पाकिस्तान सेना को बता दिया था दूर रहो, कश्मीर द्विपक्षीय मसला

**नई दिल्ली, 15 मई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इस संघर्ष में चीन की सैटेलाइट ने पाकिस्तान की मदद की। लेकिन दुनिया से हमें काफी समर्थन मिला। उन्होंने ये भी साफ कर दिया कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल द्विपक्षीय होगी। उन्होंने कहा, कहा कि पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय बात होगी ये राष्ट्रीय सहमति है।



**आतंकवादी ढांचे को किया नष्ट–**जयशंकर ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादी ढांचे को नष्टकरने के अपने लक्ष्य हासिल कर लिए। उन्होंने स्पष्ट किया, 'हमने शुरू से ही पाकिस्तान को संदेश दिया था कि हमारा निशाना आतंकवादी ढांचा है, न कि उनकी सेना। लेकिन पाकिस्तान ने इस सलाह को नजरअंदाज किया।' 10 मई की सुबह पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ, जिसकी पुष्टि सैटेलाइट तस्वीरों से हुई। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। उन्होंने कहा, 'हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। उन्होंने उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया। यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था।'

**द्विपक्षीय बातचीत पर जोर–**विदेश मंत्री ने दोहराया कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल द्विपक्षीय होगी। उन्होंने कहा, 'यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है। बातचीत का विषय केवल आतंकवाद होगा। पाकिस्तान को आतंकवादियों की सूची सौंपनी होगी और उनके बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा।'

**सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी–**जयशंकर ने कहा कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह नहीं रोकता, तब तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कश्मीर पर एकमात्र चर्चा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को खाली करने की होगी।

**अंतरराष्ट्रीय समर्थन की सराहना–**विदेश मंत्री ने बताया कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के प्रस्ताव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला। उन्होंने होंडुरास दूतावास के उद्घाटन पर कहा, 'होंडुरास ने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता दिखाई, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है।' भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर क्या बोले विदेश मंत्री? विदेश मंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता पर कहा, 'ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए; इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी।'

# विजय शाह पर दर्ज एफआईआर से हाईकोर्ट नाराज

### कहा– यह आरोपी को बचाने की कोशिश, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मंत्री, सुनवाई से इनकार

**भोपाल, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने मंत्री विजय शाह के वकील से कहा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? हम इस मामले की आज सुनवाई नहीं करेंगे। आप हाईकोर्ट को बता दीजिए कि हम इस मामले में कल सुनवाई करेंगे। सीजेआई बीआर गवई ने कहा, आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? आपको देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, आपको जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इधर, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने विजय शाह मामले में एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है।

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि उसके आदेश के अनुसार बुधवार शाम 7:55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। हाईकोर्ट इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं दिखा। डबल बेंच ने एफआईआर को खानापूर्ति बताया। जस्टिस अतुल श्रीधरन ने साफ तौर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट ने अपने पहले के आदेश में जिन धाराओं का उल्लेख किया था, उन्हें एफआईआर में शामिल नहीं किया गया है। इस पर कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि एफआईआर दोबारा दर्ज की जाए और उसमें उन्हीं धाराओं को शामिल किया जाए, जिनका उल्लेख कोर्ट ने अपने आदेश में किया था। महाधिवक्ता की ओर से यह दलील दी गई कि मामले की जांच पुलिस कर रही है। लेकिन, इस पर भी कोर्ट ने आपत्ति जताई। अदालत ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है।

**अभी इस्तीफा नहीं देंगे विजय शाह...**

प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह पर भले ही एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लेकिन, वे अभी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। उनका इस्तीफा कुछ समय के लिए टल गया है। बुधवार को बेंगलुरु से लौटने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सीएम हाउस में बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ बैठक हुई। बैठक के बाद सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि फिलहाल मंत्री विजय शाह



इस्तीफा नहीं देंगे। सूत्रों के मुताबिक विजय शाह ने कोर्ट में अपना पक्ष रखने का मौका देने की मांग पार्टी से की है।

# देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक भारत तिरंगा यात्रा

**मनासा, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत देश की सीमाओं पर जो अद्वितीय साहस, बलिदान और पराक्रम का परिचय दिया गया, उसके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 15 मई 2025 को मनासा नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा नगर के राष्ट्रभक्तों की ओर से आयोजित की गई, जिसमें देश के प्रति प्रेम और समर्थन की एक अद्भुत झलक देखने को मिली। तिरंगा यात्रा की शुरुआत रामपुरा नाका से हुई और यात्रा कारगिल चौराहा होते हुए नीमच नाके तक निकाली गई। यात्रा के दौरान सैकड़ों दोपहिया वाहनों से राष्ट्र भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा नगर तिरंगे की शान और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विधायक श्री अनिरूद्ध माधव मारु ने विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम किया और उपस्थित नागरिकों को इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। अपने वक्तव्य में



उन्होंने सभी राष्ट्रभक्तों से 17 मई 2025 को नीमच में आयोजित तिरंगा यात्रा में भी सम्मिलित होकर देशभक्ति की भावना को और व्यापक रूप देने का आग्रह किया। यह तिरंगा यात्रा न केवल भारतीय सेना को सम्मान देने का माध्यम बनी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि मनासा नगर के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता और अखंडता के प्रति सदैव जागरूक और समर्पित हैं।

## पहली बार होगी सहकारी समितियों की प्रदर्शन के आधार पर ग्रेडिंग

**भोपाल, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पहली बार सहकारी समितियों की प्रदर्शन के आधार पर ग्रेडिंग होगी। इसके लिए समितियों की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन की पारदर्शिता, सेवाओं की गुणवत्ता, लाभांश वितरण और सदस्यों को दी जा रही सुविधाओं को आधार बनाया जाएगा। इससे समितियों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, सदस्य संतुष्टि और नवाचार की क्षमताओं का मूल्यांकन होगा। प्रदेश में 4500 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां हैं, जिनसे 58 लाख से अधिक किसान व अन्य सदस्य जुड़े हैं। मुख्य रूप से समितियों का व्यापार किसानों को खाद-बीज देने के साथ अल्पावधि ऋण देना होता है। समय पर वसूली न होने के कारण सदस्य तो डिफाल्टर हो जाते हैं पर समितियों की मुश्किल बढ़ जाती है। घाटे में होने के कारण किसानों को खाद देने के लिए राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) से साख पर खाद नहीं मिलती और फिर सरकार को मजबूरी में नकद वितरण की व्यवस्था बनानी पड़ती है। यही स्थिति उपार्जन और खाद्यान्न वितरण को लेकर भी बनती है। इसे देखते हुए सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने निर्देश दिए हैं कि सभी समितियों की ग्रेडिंग की जाए। यह प्रदर्शन पर आधारित होगी। इसमें अन्य मानकों के साथ यह भी देखा जाएगा कि सदस्य संतुष्ट हैं या नहीं। समिति ने अब तक क्या-क्या नवाचार किए हैं। इसके आधार पर समितियों की ग्रेडिंग होगी और आगे की कार्ययोजना बनाई जाएगी ताकि कमजोर समितियों की स्थिति को सुधारा जा सके और नवाचार करके रोजगार के नए अवसर भी बनाए जा सकें।

# 41 दिनों में ही तय लक्ष्य से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम शुरू

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य, प्रदेश में बन रहे 1012

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृव में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन महाअभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रदेश में जलसंरचनाओं के संरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में नदियों के उदगम स्थलों का दौरा कर रहे हैं। अभियान तीव्र गति से अपने लक्ष्यों को पूर्ण करने की ओर बढ रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा था। यह लक्ष्य केवल 41 दिनों में ही हासिल कर लिया गया है। प्रदेश में 1012 अमृत सरोवरों को बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अभियान में कूप रिचार्ज पिट, बावड़ी, खेत-तालाब, अमृत सरोवर, बोरी बंधान, चेकडैम सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, नदियों की जल धाराओं को जीवित के लिए गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य किया जा रहा है।

**अमृत सरोवरों से बढ़ेगा भू जलस्तर–**प्रदेश में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन जाने से प्रदेश का भू-जल स्तर बढ़ेगा। इससे जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मियों में कुओं, हैंडपंपों और ट्यूबवेलों का जलस्तर कम नहीं होगा। इसके साथ ही, ग्रामीण आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। सिंचाई के साथ मछली पालन और सिंघाड़े की खेती सहित अन्य गतिविधियों में सरोवरों का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**जल गंगा संवर्धन अभियान–** जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी सहेजना और पुराने जल स्त्रोतों को संवारना है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान में प्रदेश में भू जल स्तर पर सुधार आएगा। कुओं, नलकूपों का जलस्तर बढ़ेगा। इसके साथ ही किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध होगा।

**30 जून तक जारी रहेगा अभियान–**प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान तीन माह तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से प्रदेशव्यापी महाअभियान की शुरुआत की गई है, जो 30 जून 2025 तक संचालित किया जाएगा।



## जन सहयोग से जल संवर्धन के तहत रामपुरा में बावड़ी की सफाई

**नीमच, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जन सहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ,मनासा एसडीम श्री पवन बारिया के निर्देशानुसार नगर परिषद रामपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। गुरुवार को जल संवर्धन जन सहयोग के माध्यम से नगर परिषद के द्वारा वॉर्ड न.06 पातोश्या बावड़ी की विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी श्री जितेन्द्र जागीरदार ,मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री के.एल. सुर्यवंशी, उपयंत्री श्री स्वपनिल भूरिया, एवं अन्य निकाय कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# प्रदेश में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिये 19 से लगेंगे शिविर

### शिविरों में वेतन निर्धारण, पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी प्रकरणों का होगा निराकरण

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिये 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं।**

शिविर में क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेखों के अपडेटेशन पर विशेष कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जायेगा। शिविर में पेंशन और अन्य लम्बित स्वतत्वों का निराकरण, अन्य लम्बित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जायेगा। जिला और संभागीय कार्यालयों को 30 मई तक समय-सारणी का निर्धारण संबंधित संयुक्त संचालक के मार्गदर्शन में किये जाने के लिये कहा गया है। समय-सारणी की सूचना लोक शिक्षण संचालनालय को दिये जाने के लिये कहा गया है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस से होगी समीक्षा–** शिविरों में होने वाली प्रतिदिन की कार्यवाही की 5 जून तक प्रति कार्य-दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भोपाल से समीक्षा की जायेगी। प्रकरणों पर निराकरण नहीं होने पर लम्बित आवेदन और न्यायालयीन प्रकरण निर्मित होने पर संबंधित संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे। लम्बित प्रकरणों के संबंध में आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शपथ दिलवाई



**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन जन का अभियान बनते जा रहा है। जहा एक और नदी तालाब पोखरण सहित जल की महत्ता को लेकर अनेकों श्रमदान और जागरूकता कार्यक्रम जिले कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में किए जा रहे है। वही कलेक्टर के निर्देश पर जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण अंचलो सहित शहर में भी अनेकों जल संगोष्ठी जल शुद्धिकरण हेतु श्रमदान जैसे कार्य किए जा रहे है। उसी श्रंखला में ग्राम जग्गाखेड़ी नाहरगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शपथ दिलवाई गई। जल की पूजा अर्चना कर जल की महत्ता बताने में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अभिनव प्रयास किए गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल यात्रा, कलश यात्रा एवं संगोष्ठी क़र सुहागले पूजन के साथ ग्राम जग्गाखेड़ी नाहरगढ़ में महिलाओं ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली। जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता के साथ पानी के महत्व का जन जन तक संदेश देने का कार्य समस्त मातृ शक्तियों ने किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया निर्देश...

# विशेष पॉक्सो अदालतें बनाई जाएं

**नई दिल्ली, 15 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को प्राथमिकता के आधार पर विशेष पॉक्सो अदालतें स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) के तहत लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए दिया गया है। शीर्ष अदालत ने पोक्सो विशेष अदालतों की संख्या की कमी पर चिंता जाहिर की। साथ ही कहा कि इससे कारण विशेष अदालतों में कई मामले लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जज पीबी वराले की बेंच ने केंद्र को विशेष पॉक्सो अदालतें स्थापित करने का निर्देश दिया हैं। बेंच का कहना है कि पोक्सो विशेष अदालतों की संख्या की कमी के कारण कानून के तहत मुकदमों को पूरा करने के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। पॉक्सो अधिनियम के तहत विशेष अदालतें स्थापित करने का प्रावधान है।

## मुख्यमंत्री ने जिले की 2 लाख 63 हजार लाड़ली बहनों को 32 करोड़ का हितलाभ प्रदान किया

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत हितग्राही महिलाओं को मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधी जिले से राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ऑनलाइन कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिला कार्यालय द्वारा उपस्थित लाडली बहनों को दिखाया गया। इस दौरान पोस्ट ऑफिस से उपस्थित श्रीमती श्वेता जैन एवं श्रीमती प्रमिला गुप्ता द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं पर केंद्रित योजनाओं यथा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में अवगत कराते हुए इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए लाभान्वित होने हेतु अवगत कराया गया। इस दौरान जिले की सभी 2 लाख 63 हजार 836 लाडली बहनाओं को राशी रुपए 320203400 की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पी सी चौहान, परियोजना अधिकारी बी आर मुजाल्दे, यूनिसेफ जिला समन्वयक सोनिक मिश्रा, लाडली बहना एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सांसद के नेतृत्व में दूसरी बार करेगी तीन चोटियों पर फतेह

### जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद (आईपीएस) टीम लीडर लेफ्टिनेंट जितेंद्र कनौजिया को राष्ट्रीय ध्वज, मध्यप्रदेश पुलिस ध्वज, खेल विभाग ध्वज सौंपा



**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के सचिव एवं ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया की टीम दूसरी बार मंदसौर जिले से मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एक साथ तीन चोटियों पर तिरंगा फहराएंगे, जिसका नाम माउंट युनम, जिसकी उंचाई 6,111 मीटर (20,049 फीट) है. यह स्पीति-लाहौल इलाके में स्थित है, ओर मेंटोक कांगड़ी। (6,310 मीटर 20,702 फीट) की उंचाई पर स्थित है, मेंटोक कांगरी खख की उंचाई 6,250 मीटर (20,510 फीट) है। तीनों चोटियां चुनौतीपूर्ण हैं। इस पर्वतारोहण अभियान को पूरा करने के लिए भारतीय पर्वतारोहण संस्थान नई दिल्ली से अनुमति ली गई है, पूरे अभियान के दौरान 3 प्रशिक्षक साथ रहेंगे। इस अवसर पर टीम लीडर एवं सभी सदस्यों को माननीय सांसद महोदय श्री सुधीर गुप्ता साहब, माननीय विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया, माननीय विधायक विपिन जैन साहब, भारतीय सेना कर्नल ज्योति प्रकाश, जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद (आईपीएस), ने मंदसौर जिले के पर्वतारोही जितेन्द्र कनौजिया, जैनिश बरड़िया, कृष्णा कनौजिया, लोकेंद्र कुमार सामेरिया, ललित कुमार परमार, पराग शर्मा, नेहा शर्मा, खुशी सिसोदिया, रिंकू शुक्ला, प्राची व्यास, पूरी टीम को राष्ट्रीय ध्वज, भारतीय सेना ध्वज, एनसीसी ध्वज, मध्य प्रदेश पुलिस ध्वज, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ध्वज, जिला एसोसिएशन ध्वज, सौंपा गया। उक्त जानकारी देते हुए चीफ ऑफिसर (मेजर) डॉ विजय सिंह पुरावत ने बताया कि 16 मई 2025 को यह टीम मंदसौर से रवाना होगी। भारतीय पर्वतारोहन संस्थान नई दिल्ली से इंस्ट्रक्टर पर्वतारोही बीबिन बाबू, कृष्णा दास, मनोज कुमार इस टीम को लीड करेंगे, इस अवसर पर मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के सभी सदस्यों को जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉक्टर क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पदेन उपाध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, पदेन उपाध्यक्ष एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह पुरावत, कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन जैन, विश्व मोहन अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर पहुंचे कृषि उपज मंडी... पेज 1 से जारी

कार्रवाई का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने मंडी के सुरक्षाकर्मियों की संख्या और व्यापारी-किसान समन्वय की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजीव साहू और मंडी सचिव उमेश बसेड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस औचक निरीक्षण से मंडी प्रशासन में हलचल मच गई। किसानों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

# आदि गौड़ ब्राम्हणों का महाकुंभ कुलदेव की पूजा के साथ सम्पन्न

**मंदसौर, 15 मई गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर जिला मुख्यालय से 35 कि.मी. दूर नाहरगढ़ के समीप स्थितझलारा के कुण्डेश्वर महादेव परिसर में वैशाख पूर्णिमा पर आदिगौड़ व्यास ब्राम्हणों का महाकुम्भ सम्पन्न हुआ।

आदि गौड़ व्यास ब्राम्हणकुलदेव परिसर विकास ट्रस्ट, झलारा के सचिव पं. सुनील व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष वैशाख पूर्णिमा पर पूज्य भेरूजी महाराज व सतीमाता की पूजा करने आदि गौड़ व्यास ब्राम्हणों के हजारों परिवार सदस्य झलारा आते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन से भी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अनुरोध किया गया था। पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवाएं दी गयी। इस वर्ष 12 मई 2025 को वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर भी पूजन हेतु भक्तों का 11 मई 2025 से ही आना प्रारंभ हो गया था। ट्रस्ट द्वारा आने वाले भक्तों के लिए सम्पूर्ण मैदान में टेंट लगाकर सोने, बैठने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। 11 मई 2025 को मालवा के संत डॉ.मिथिलेश जी नागर के मुखारविंद से सुन्दरकाण्ड पारायण के पाठ का श्रवण हजारों श्रद्धालुओं ने किया। डॉ. मिथिलेश नागर द्वारा इस दौरान समाज के बच्चों एवं युवाओं को संस्कारित करने के सुझाव दिये। पहलगांव में आतंकी हमले में शहीद हुए 28 पर्यटकों को श्रृद्धासुमन भी अर्पित किए।

आदिगौड़ व्यास ब्राम्हणोंद्वारा वैशाख पूर्णिमा पर भेरूजी महाराज की महाआरती व ध्वजा चढ़ाने हेतु बोलीलगाई, महाआरती की बोली पं. ईश्वरलाल कालूराम व्यास, कानाहेड़ा बड़ोद द्वारा रू. इक्सठ हजार व ध्वजा चढ़ानेकी बोली श्री अमित प्रेमचंद व्यास, शामगढ़ द्वारारू. बत्तीस हजार की लगाई गई एवं धर्मलाभ लिया गया। कुल देव को महाआरती के पूर्व छप्पन भोग भी लगाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की बैठक भी सम्पन्न हुई । जिसमें कोषाध्यक्ष श्री घनश्याम व्यास एवं सचिव सुनील व्यास



द्वारा वर्ष का आय-व्यय लेखा प्रस्तुत कियागया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट अनुसार अड़तीस लाख इक्कीस हजार एक सौछप्पन रूपये की आय हुई जबकि राशि रूपये चौंतीस लाख बयालिस हजार का व्यय धर्मशाला निर्माण व मंदिर पर विभिन्न कार्य के लिए व्यय किया। बताया गया की पूज्य भेरूसाहब व पूज्य कुल देवी मंदिर के शिखर निर्माण के बाद धर्मशाला का निर्माण भी पुर्णता पर है। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष प. श्री नंदलाल व्यास द्वारा की गई व सभी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। वैशाख पूर्णिमा पर विशाल भण्डारा भी सम्पन्न हुआ, भंडारे में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश प्रान्त सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं द्वारा सहभागिता की गई। कुलदेव का आकर्षक श्रृंगार पंडित गोपाल भीमाशंकर व्यास, महिदपुर ने किया एवं महाआरती पं. अभिषेक शोभालाल व्यास, चित्तोड़गढ़ तथा पं. अभिषेक शर्मा, मंदिर पुजारी, झलारा द्वारा कीगई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ एवं आध्यात्मिक गुरूजी श्री शिवकरन प्रधान दोनों दिन विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा शुभ कामनाये प्रदान की इस भव्य आयोजन में श्री मनोहर लाल व्यास , श्री घनश्याम व्यास मंदसौर श्रीकन्हेया लाल व्यास , श्री बाबूलाल व्यास विश्निया श्री जगदीश व्यास कुण्डला श्री जगदीश व्यास जयपुर श्री प्रकाश व्यास खेडा श्री रामप्रसाद सर श्री ओंकारलाल व्यास पिपलिया व्यास श्री प्रदीप व्यास छोटी सादडी श्री घनश्याम व्यास चल्दु श्रीरामचंद्र व्यास हमली श्री प्रतिक व्यास मंदसौर सहित अनेक कार्य कर्ताओं द्वारा सम्पूर्ण व्यवस्थाओ में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष पं.सुरेन्द्र कुमार व्यास द्वारा झलारा के ग्रामीणों व इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं का व परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्तकिया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in